## मेरा कॉलम



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

# अगली बारी तुम्हारी है

घर के उस उजड़े हुए उसारे में जहाँ बारात के बाद का कबाड़ और टूटी कुर्सियाँ अपना बुढ़ापा काटती हैं वहीं वह अपनी अंतिम साँसें गिन रही थी। वह जो कभी पूरे घर की इज्जत को अपने सीने से बुहारकर चमकाती थी आज खुद एक फटे चीथड़े की तरह दीवार के सहारे दुबकी पड़ी थी। उसकी सींकें ऐसे बिखरी थीं जैसे किसी अधेड़ बाप की ढहती हुई उम्मीदें हों। ठीक मेरे जैसी हालत थी उसकी। जब तक रीढ़ में दम था घर भर का कूड़ा ढोते रहे सबको साफ-सुथरा कोना देते रहे और जब खुद की रीढ़ टूट गई तो कोने की कालिख ने हमें अपनी गोद में समेट लिया। दुनिया का दस्तूर भी यही है कि जब तक तुम किसी के काम के हो तब तक तुम चौखट के देवता हो और काम निकलते ही तुम उसी चौखट के बाहर फेंके जाने वाले कबाड़ बन जाते हो। वह धूल से सनी हुई सींकें देखकर मुझे अपना ही बीता हुआ कल याद आ रहा था जब लोग पैर छूते थे और आज पैर मार कर आगे बढ़ जाते हैं।

रात के सन्नाटे में जब पूरा घर मखमली गद्दों पर सो रहा था तब उस कोने से एक अजीब सी सरसराहट गूँज उठी। ध्यान से सुना तो वह कोई रोना नहीं था बल्कि एक सूखी सींक का दूसरी टूटी सींक से टकराने का सन्नाटा था। मैंने खिड़की से झाँककर देखा तो मालकिन हाथ में एक चमचमाता हुआ प्लास्टिक का वैक्यूम क्लीनर लिए खड़ी थीं। उन्होंने उस पुरानी जर्जर सींकों के बंडल को पैर से ढकेला और एक झटके में कूड़े वाली गाड़ी में फेंक दिया। जाते-जाते वह झाड़ू अपनी बची-खुची धूल मेरे चेहरे पर छोड़ गई जैसे कह रही हो कि आज मेरी बारी है कल तुम्हारी होगी। तभी अंदर से मालकिन की तेज आवाज आई।

अरे सुनो जी अब इस बूढ़े नौकर को भी हटाओ बहुत कचर कचर करता है घर में जगह घेर रखी है

यह सुनकर मेरे पाँव तले की जमीन खिसक गई क्योंकि वह झाड़ू तो चली गई थी पर जाते-जाते वह मेरी ही नियति का आईना मेरे सामने छोड़ गई थी।

# नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संयुक्त दल के गठन का सुझाव

## नागरिकों को परेशानी से बचाने के लिए विधायक की अनूठी पहल

सनावद(विजय गुप्ता) कृषकों और आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु शासकीय विभागों में चक्कर काटने से राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने अनूठी पहल करते हुए बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान और आम जन को राहत प्रदान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को संयुक्त दल गठित करने और समस्या निवारण शिविरों के आयोजन हेतु पत्र लिखा है।




जिला कलेक्टर,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और एसडीएम बड़वाह को प्रेषित पत्र में विधायक ने बताया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों और नगरों से बड़ी संख्या में नागरिक शासकीय विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर विधायक जन सेवा केंद्र में आ रहे हैं। पत्र में शासकीय विभागों में लंबित प्रकरणों के अंबार पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। राजस्व, विद्युत, पंचायत, नगरीय निकाय एवं पीएचई जैसे जनसरोकार से सीधे जुड़े विभागों में आमजन की समस्याओं के समाधान के संबंध में न तो उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है और न ही सही जानकारी दी जा रही है। इस कारण नागरिकों को एक टेबल से दूसरी टेबल और एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय के चक्कर काटने पर विवश होना पड़ रहा है।इससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी हो रही है और उन पर अकारण आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।

इसलिए व्यापक जनहित में शासकीय विभागों में गतिरोध को समाप्त करने तथा शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

विधायक ने सुझाव दिया है कि शासकीय विभागों में गतिरोध की स्थिति से उबरने के लिए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में पाँच-पाँच पटवारी हल्कों और ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक क्लस्टर (संयुक्त दल) गठित किया जाए। इस संयुक्त दल में क्षेत्र के पटवारी हल्कों और पंचायतों के अंतर्गत ग्रामों को केंद्र बिंदु बनाया जाए और जन समस्या निराकरण शिविरों का आयोजन किया जाए। शिविरों के आयोजन के दौरान संबंधित ग्रामों के पटवारी,ग्राम पंचायत सचिव,सरपंच,वार्ड पार्षद तथा विद्युत विभाग के लाइनमैन,इंजीनियर एवं अन्य शासकीय विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अनिवार्य रूप से एक ही मंच पर उपस्थित रहें।

शिविर में संयुक्त दल द्वारा मौके पर ही आवेदन प्राप्त किए जाएं और संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर अधिकतम 15 दिवस की अनिवार्य समय सीमा में समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

विधायक ने सुझाव दिया कि उत्तराधिकार एवं पंजीयन विलेख (रजिस्ट्री) के आधार पर लंबित नामांतरण प्रकरणों और लंबे समय से विचाराधीन सीमांकन एवं आपसी सहमति के बटवारा प्रकरणों का मौके पर ही निपटारा किया जाए। इसके अलावा ग्रामों और खेतों में पारंपरिक रास्तों की रोक हटाने संबंधी लंबित विवाद, जबरन और अनाधिकृत कब्जों से जुड़े विवाद, शासकीय एवं निजी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने के प्रकरणों, राजस्व रिकॉर्ड विशेषकर भू-नक्शा एवं खसरा में व्याप्त विसंगतियों के शुद्धिकरण एवं नामांतरण से जुड़े प्रकरणों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जाए। इसी प्रकार

प्रधानमंत्री आवास योजना और भुगतान के लंबित प्रकरण,

समग्र आईडी, आधार कार्ड तथा जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्रों की त्रुटियों के प्रकरण,

लाड़ली बहना, वृद्धावस्था, कल्याणी (विधवा) एवं दिव्यांग पेंशन योजना के लंबित प्रकरण,

घरेलू उपयोग एवं कृषि पंप हेतु नए कनेक्शन के प्रकरण,

खेतों तथा सघन आबादी वाले क्षेत्रों में नीचे लटकते हुए खतरनाक हाई-टेंशन व लो-टेंशन तारों,जर्जर व खराब तारों व झुके हुए विद्युत पोलों के प्रकरण,

कृषि व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ओवरलोडिंग की समस्या से निपटने हेतु अतिरिक्त ट्रांसफार्मर और जले ट्रांसफार्मर 24 से 48 घंटे में बदलने, बिजली बिलों की विसंगतियों से जुड़े प्रकरण,

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामों में हर घर नल कनेक्शन देने के कार्य की धीमी गति की समीक्षा कर लंबित कनेक्शन के प्रकरण,

ग्रीष्मकाल में ग्रामीण अंचलों में बंद और पुराने हैंडपंपों की त्वरित मरम्मत तथा पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में नवीन हैंडपंपों से जुड़े प्रकरण,

दूषित जलापूर्ति रोकने हेतु नल-जल योजनाओं की पाइप लाइनों के लीकेज जैसी समस्याओं का तत्काल निवारण किया जाए।

पत्र में बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों और नगरों के लिए कलस्टर-वार ÷समस्या निवारण शिविरों÷ की विस्तृत समय-सारणी अविलंब जारी करने,

शिविरों के सफल संचालन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बड़वाह को नोडल अधिकारी नियुक्त कर राजस्व,जनपद, नगरीय निकाय, बिजली और पीएचई विभाग के खंड स्तरीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन की कम्प्यूटरीकृत एंट्री कर तथा 15 कार्यदिवस के भीतर उनका न्यायसंगत निराकरण कर पीड़ित आवेदक को लिखित में सूचित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि संवेदनशील प्रशासन की इस अनूठी पहल से क्षेत्र की जनता को कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी और शासन की मंशा के अनुरूप सुशासन की स्थापना होगी।

# महावीर इंटरनेशनल ने गोसेवा प्रकल्प आयोजित कर नई पीढ़ी में संस्कारों का संचार किया

मंदसौर। जीवदया और भारतीय संस्कृति के संस्कारों को आने वाली पीढ़ी में रोपित करने के उद्देश्य से महावीर इंटरनेशनल, मंदसौर द्वारा प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के कार्यकारिणी सदस्य वीर अभय पोखरना के विशेष सहयोग से नाका नंबर 10 स्थित गोपाल कृष्ण गौशाला में गौसेवा का आयोजन संपन्न हुआ।



इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता संस्था के नन्हे-मुन्नों की सक्रिय भागीदारी रही। बच्चों ने अपने हाथों से गौमाता को हरा चारा खिलाकर सेवा का पुण्य लाभ अर्जित किया।

नई पीढ़ी को गौसेवा और जीवदया जैसे मानवीय मूल्यों से जोड़ते हुए बच्चों का यह उत्साह वहां उपस्थित सभी लोगों के लिए आकर्षण और प्रेरणा का केंद्र बना रहा। यह दृश्य इस बात का प्रमाण था कि गौसेवा की गौरवशाली परंपरा सुरक्षित हाथों में है।

सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेंद्र जैन मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल एक कार्य नहीं, बल्कि सबसे बड़ा पुण्य कर्म है। गौमाता की सेवा से जन्मों-जन्म के कष्ट मिट जाते हैं। गौशाला अध्यक्ष संजय लोढ़ा ने गौशाला के 120 वर्षों के गौरवमयी और सेवापूर्ण इतिहास से सभी सदस्यों को अवगत कराया। संस्था अध्यक्ष अरविंद कुदार एवं सुनीता कुदार द्वारा इस पुनीत कार्य को संपन्न कराने में अभय पोखरना के विशेष योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

इस अवसर पर अशोक ओस्तवाल (सह सचिव), नवीन छिंगावत (प्रवक्ता), पवन सोनी (मीडिया प्रभारी), योगेश जैन (प्रोजेक्ट चेयरमैन) तथा कार्यकारिणी सदस्य सुजानमल ओस्तवाल, लोकेंद्र फांफरिया, अखिलेश धींग एवं महेश धनोतिया सहित संस्था के अनेक वीर-वीरा सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन सचिव ऋषभ फांफरिया द्वारा किया गया, जबकि अंत में भावेश बख्शी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# फेडरेशन द्वारा गो सेवा की गई

सैलाना। सेवा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम रविवार को देखने को मिला, जब श्री जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप परिवार, सैलाना द्वारा स्थानीय गौशाला में विशेष गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रुप के सदस्यों ने पूरे श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ गौमाता को हरा चारा खिलाकर जीवदया का संदेश दिया।

गौशाला परिसर में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। उपस्थित सदस्यों ने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि समाज में सेवा और करुणा की भावना को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

ग्रुप अध्यक्ष पंकज चंडालिया ने बताया कि संस्था केवल गौ सेवा तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आने वाले दिनों में गौशाला परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सार्थक पहल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पशुधन की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य को लेकर ग्रुप लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर शैलेन्द्र चंडालिया, पीयूष चंडालिया, निर्मल कोठारी, शैलेंद्र ग्वालियरी, संजय राठौर, अर्पित रांका, सौरभ मांडोत, पितेश चंडालिया सहित ग्रुप के अनेक सदस्यों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप परिवार, सैलाना की यह पहल क्षेत्र में प्रेरणा का विषय बन रही है। गौ सेवा के साथ हरियाली बढ़ाने का संकल्प समाज को यह संदेश दे रहा है कि सेवा और संवेदना से ही एक स्वस्थ और समृद्ध भविष्य का निर्माण संभव है।

# डॉक्टर हेडगेवार एवं श्री गोलवलकरजी के प्रेरणादायी जीवन से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है - केशवराजु



शामगढ़। विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत के 10 दिवसीय परिषद शिक्षा वर्ग के अष्टम दिवस पर धर्मराजेश्वर में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर . श्री केशवराजु (केंद्रीय सह मंत्री एवं अखिल भारतीय सह गौरक्षा प्रमुख) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

अपने उद्बोधन में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवारजी एवं परम श्री माधव सदाशिव गोलवलकरजी के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श, त्याग, संगठन कौशल एवं राष्ट्रभक्ति से आज भी समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि संगठित एवं संस्कारित समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार बनता है।

गौरक्षा विषय पर विस्तृत उद्बोधन देते हुए उन्होंने कहा कि हर घर में मां और हर किसान के खूंटे पर गौ माता का होना भारतीय संस्कृति और समृद्ध ग्रामीण जीवन का प्रतीक है। गौ माता केवल श्रद्धा का विषय नहीं, बल्कि कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक जीवनशैली, पंचगव्य आधारित खेती और गौ-आधारित कृषि को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने रासायनिक खादों एवं रासायनिक कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों से प्राकृतिक एवं गौ-आधारित खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गोबर, गौमूत्र एवं पंचगव्य आधारित कृषि भूमि की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को भी प्रोत्साहित करती है।

केशवराजु ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता बीमार, घायल एवं निराश्रित गौवंश की सेवा के लिए सदैव तैयार रहते ही है, तथा घायल गौमाता के उपचार हेतु गौ चिकित्सा केंद्रों एवं गौ अस्पतालों की स्थापना के प्रयासों को गति दे रहे है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से गौ संरक्षण एवं संवर्धन का व्यापक अभियान चलाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद का लक्ष्य केवल गौरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि गौ संवर्धन, प्राकृतिक कृषि, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास एवं स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु जनजागरण करना भी है। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष एवं वर्ग प्रमुख महेश गोठी भी मंचासीन थे। बौद्धिक सत्र में वर्ग के समस्त शिक्षार्थी, अधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण राष्ट्रभक्ति, संगठन भावना एवं गौरक्षा के संकल्प से ओत-प्रोत रहा। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष राजेश पाटीदार द्वारा दी गई!


**इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 1 इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रीना मालवीय पति स्वः श्री राधेश्याम मालवीय व 3 अन्य वारिस द्वारा झोन क्रं. 1, आवक क्रमांक 160 दिनांक 08/06/2026 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1003135136 पता 572, विकास नगर इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 09.06.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 1 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 1, नगर पालिक निगम, इंदौर

इन्दौर समाचार


# ग्राम डाबरी में 9 से 11 जून तक पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ संस्कार महोत्सव का आयोजन

## आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा कलश यात्रा

नागदा जं. निप्र। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन एवं परम पूज्य गुरूदेव एवं परम वंदनीया माताजी के सूक्ष्म संरक्षण मानव कल्याण शुद्ध वातावरण मनुष्य में देवत्व धरती पर स्वर्ग का अवतरण हो राष्ट्र जागरण, घर-घर यज्ञ, घर-घर संस्कार के उद्देश्य को लेकर अखंड दीप माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ नागदा एवं ग्राम डाबरी देवनारायण मंदिर समिति द्वारा ग्राम डाबरी में तीन दिवसीय पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संस्कार महोत्सव प्रज्ञा प्रवचन का आयोजन दिनांक 9 जून से 11 जून तक देवनाराण मंदिर ग्राम डाबरी में किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज मंगलवार 9 जून को शोभा यात्रा कलश यात्रा सायं 4 बजे निकाली जावेगी। आयोजन का समापन 11 जून को पूर्णाहुति, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा। गायत्री शक्तिपीठ नागदा की कार्यकर्ता ममता बैरागी ने बताया कि यह श्रंखला सम्पूर्ण विश्व एवं भारत के सभी क्षेत्रों में चलाई जा रही है।

# बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज, पिता को दी मुखाग्नि

## सनावद में जैन समाज की तीन बेटियों ने पेश की नई मिसाल

सनावद(विजय गुप्ता) बदलते समाज में बेटियां आज हर क्षेत्र में बेटों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण सनावद में देखने को मिला, जहां तीन बेटियों ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर समाज के सामने एक नई और प्रेरणादायक मिसाल पेश की।

सन्मति जैन काका ने बताया की जैन समाज के सदस्य अरुण कुमार जैन* का निधन हो गया। उनका कोई पुत्र नहीं था। ऐसे में उनकी तीनों बेटियों प्रेरणा, प्रियंका, प्रिया ने आगे आकर बेटे का फर्ज निभाया। समाज की रूढ़ियों को तोड़ते हुए तीनों बेटियों ने जैन मुक्तिधाम, सनावद में पूरे विधि-विधान से अपने पिता को मुखाग्नि दी।



इस अवसर पर समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि यह कदम समाज के लिए एक संदेश है। आज बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वे हर सुख-दुख में अपने परिवार का संबल बन रही हैं। बेटियों के इस साहसिक निर्णय की पूरे समाज में सराहना हो रही है।

न.पा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने बताया की यह घटना उन लोगों के लिए सबक है जो आज भी बेटा-बेटी में फर्क करते हैं। बेटियां भी कुल का नाम रोशन करती हैं और जरूरत पड़ने

# गूंजा महिला शक्ति का स्वर, शक्ति सूत्र ग्रैंड सेमिनार में 50 महिलाओं का हुआ सम्मान

सनावद(विजय गुप्ता) शहर के एक निजी होटल में आयोजित शक्ति सूत्र ग्रैंड सेमिनार अवार्ड शो महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायी मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 महिलाओं को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का गौरवपूर्ण सम्मान किया गया। जिलेभर से करीब 400 महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम का आयोजन सुनीता परिहार एवं चंचल पंजाबी द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सचिन बिरला, पूर्व विधायक हितेंद्रसिंह सोलंकी तथा जिला जनपद सदस्य श्रीमती उमा लक्ष्मण काग उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें समाज की प्रेरणा बताया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टीवी धारावाहिक ÷साथ निभाना साथिया÷ की प्रसिद्ध अभिनेत्री वंदना विठलानी रहीं, जिन्हें दर्शक ÷उर्मिला बहन÷ के किरदार से पहचानते हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने सपनों को पहचानने और समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही हैं और ऐसे आयोजन उन्हें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।

अभिनेत्री वंदना विठलानी ने जानसी अकादमी बड़वाह की विशेष सराहना करते हुए कहा कि संस्था क्षेत्र की लड़कियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह अकादमी महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बन चुकी है और समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

समारोह के दौरान सम्मान समारोह के साथ प्रेरणादायी संबोधन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं उत्साहवर्धक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। पूरे आयोजन में महिला शक्ति, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का संदेश स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

जानसी ब्यूटी पार्लर की संचालिका सुनीता परिहार ने कहा कि नारी शक्ति केवल एक शब्द नहीं, बल्कि हर उस महिला की पहचान है जो अपने सपनों को सच करने का साहस रखती है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी होकर सम्मान, आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें।